Australian Government

क्या आपके कार्यस्थल अधिकारों को खतरा है?

पढ़ाई और कार्य करने के लिए ऑस्ट्रेलिया एक बेहतरीन स्थान है। परंतु आपको कभी–कभी अपने कार्यस्थल में ऐसा कुछ दिखाई दे सकता है जो गलत लगे। यह इस बात का संकेत हो सकता है कि आपके कार्यस्थल अधिकारों को खतरा है।

! एक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी के रूप में आपके पास कार्यस्थल अधिकार होते हैं। इन अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहिए। यहाँ कुछ चेतावनी संकेत हैं, जिनसे आपको अवगत होना चाहिए।

आपको भोजन और आवास के रूप में भुगतान किया जाता है

- कार्य–नियोक्ताओं के लिए पैसे के स्थान पर भोजन या आवास की पेशकश करना गैर–कानूनी होता है। निःशुल्क भोजन दिया जाना ठीक है, लेकिन यह केवल तभी उचित है जब यह आपके वास्तविक वेतन के अतिरिक्त हो।
- अन्य प्रकार के भुगतान स्वीकार न करें। अपने कार्य–नियोक्ता को बताएँ कि आपको वास्तविक धन का भुगतान प्राप्त होना चाहिए, जिसके लिए सहमति की गई थी।

आपके वेतन में से पैसे निकाल लिए जाते हैं

- आपसे कभी–कभी गलती में कार्यस्थल में कुछ टूट–फूट सकता है या ग्राहक बिना भुगतान किए निकल सकते हैं। इसके एवज में कार्य–नियोक्ता आपके वेतन में से पैसे नहीं निकाल सकते हैं।
- कार्य–नियोक्ताओं को तोड़–फोड़ या चोरी के लिए आपसे पैसे न लेने दें। कार्य–नियोक्ताओं को आपके वेतन से पैसे निकालने की अनुमति केवल तभी होती है, जब आप इसके लिए सहमति दें, लिखित में समझौता किया जाए और आपको लाभ पहुँचे।

आपको एबीएन (ABN) का आवेदन करने के लिए कहा जाता है

- एबीएन (ABN) ऑस्ट्रेलियाई व्यवसाय सँख्या (Australian Business Number) होती है। व्यवसाय चलाने के लिए सामान्य रूप से आपको केवल एक ही एबीएन (ABN) की आवश्यकता होती है।
- सभी लोगों के लिए एबीएन (ABN) आवश्यक नहीं होता है। अधिकांश कार्यों के लिए आपको केवल टैक्स फाइल नंबर [Tax File Number] की आवश्यकता होती है।
- कार्य–नियोक्ता को रोजगार की शर्त के रूप में आपको एबीएन (ABN) प्राप्त करने के लिए नहीं कहना चाहिए।

आपको अपने वेतन में से कुछ धनराशि वापिस देने के लिए कहा जाता है

- यदि कार्य–नियोक्ता आपको सही, कानूनी धनराशि का भुगतान करता है और फिर आपको अपने वेतन में से कुछ नकदी वापिस करने के लिए कहता है, तो यह एक "कैशबैक योजना" है। इसकी अनुमति नहीं है।
- "कैशबैक योजना" के लिए पैसे वापिस न दें। यदि आपने इस तरह से पैसे वापिस किए हैं, तो इसे कटौती माना जाता है और आपके पास पैसे वापिस प्राप्त करने का अधिकार है।

आपको अपनी पेस्लिपें नहीं मिलती हैं

- इसका अर्थ यह है कि आपके पास अपने कार्य करने के घंटों और प्राप्त किए गए वेतन का कोई रिकॉर्ड नहीं है।
- हमेशा वेतन प्राप्त होने के एक कार्यदिवस के अंदर पेस्लिप (हार्ड कॉपी या इलेक्ट्रॉनिक) दिया जाना सुनिश्चित करें।

यदि आपको इनमें से कोई भी चेतावनी का संकेत दिखाई दे, तो सहायता के लिए निष्पक्ष कार्य लोकपाल (Fair Work Ombudsman) से संपर्क करें।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा वित्त–पोषित।

जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइट fairwork.gov.au/internationalstudents, या ato.gov.au पर जाएँ।
आप अपने शिक्षा प्रदाता की विद्यार्थी सहायता सेवाओं, या किसी सामुदायिक कानूनी केंद्र से भी संपर्क कर सकते/सकती हैं।